नई दिल्ली > रविवार, 26 सितंबर 2021 > अश्विन 4 शक संवत 1943 अश्विन कृष्ण पंचमी विक्रम संवत 2078 YOUNG INDIA > YOUNG PAPER वर्ष 17, संख्या 39 > पेज 28* > नोएडा > मूल्य 3.50 या 9.00* रुपये संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

NBT
संडे नवभारत टाइम्स


देखें अंदर


मोदी ने पाक को सुनाई खरी-खरी
देखें अंदर

# होमबायर्स के लिए सही समय है

**फेस्टिवल सीजन शुरू हो चुका है और ऐसे में घर के बारे में हर रोज होमबायर्स की क्वैरीज बढ़ती ही जा रही है। ऐसे में रियल एस्टेट सेक्टर की मानें तो बाजार और बेहतर होने जा रहा है।**





PICS: ISTOCK

Kamini.Kulshreshtha
@timesgroup.com

फेस्टिव सीजन करीब आते ही हमारे चारों ओर हर्षोल्लास सा दिखाई देने लगता है। इस बार लोग इस बात की उम्मीद जता रहे हैं कि अपने त्योहार पहले ही जैसे मनें और लोगों के घरों में खुशियां आएं। देश पहले से ही उत्सव के उत्साह में डूबा हुआ है और इसका शुभारंभ गणोत्सव से हो चुका है। ऐसे में त्योहार के दिनों को विशेष बनाने के लिए लोग तैयारियों में जुट गए हैं। परिवार के सदस्य और दोस्तों के स्वागत की भी तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं।

एसे माहौल में जब हर ओर पॉजिटिविटी दिख रही है, हर किसी की कोशिश है कि वह ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाए। इन उत्सवों के मद्देजनर लोग खरीदारी के मकसद से बाहर जा रहे हैं। कपड़ों से लेकर हर एक चीज की खरीदारी करनी है। लजीज व्यंजों की तैयारी करनी है साथ ही, बाहर के खाने का भी लुत्फ उठाना है। वहीं, कई लोग ऐसे हैं जो इस बार सबसे अजीज और जरूरी चीज को खरीदने पर फोकस कर रहे हैं और वह है आशियाना। वहीं कई ऐसे भी है, जो इस माहौल में कमर्शल प्रॉपर्टीज में इन्वेस्टमेंट के साथ ही अपना फ्यूचर सेक्योर करना चाहते हैं। इस तरह से सभी अपने अपने जरिये से इस त्योहार की खुशियां दोगुना करने के मूड में हैं। घर और कार की खरीदारी लिस्ट में सबसे टॉप पर नजर आ रही हैं।

जब बात रियल एस्टेट की बात आती है, तो फेस्टिव टाइम हमारे लिए बहुत ही खास हो जाता है। यह फेस्टिव सीजन ही सही मायने में रियल एस्टेट सेक्टर के साथ न्याय करता है, क्योंकि साल के इस हिस्से में सबसे ज्यादा होम की सेल्स होती है। घरों की खरीदारी देश के पश्चिमी हिस्से में गणपति त्योहारों के साथ शुरू होती है और देश के कुछ हिस्सों में क्रिसमस तक चलती है। यही कारण है कि अधिकांश डिवेलपर्स इस समय को वर्ष के सबसे अनमोल समय में जोड़ते हैं। यही वजह भी है कि इस समय के लिए होमबायर्स को सर्वोत्तम ऑफर्स भी मिलते हैं,वे इस दौरान बड़ी संख्या में आकर्षित हो सकें। इसके बारे में बात करते हुए साया होम्स के मैनेजिंग डायरेक्टर विकास भसीन कहते हैं कि इस साल महामारी में 18 महीने से अधिक की अवधि के बाद त्योहारी सीजन एक फिर से हम सामान्य स्थिति में मना सकते हैं।

> **खरीदारों के लिए यह अपने जीवन का अहम फैसला इसलिए भी होता है,क्योंकि यह एक पवित्र समय होता है और इस दौरान प्रॉपर्टी की खरीदारी को शुभ से जोड़कर देखा जाता है।**

संक्रमण के मामलों में गिरावट और टीकाकरण अभियान के साथ अर्थव्यवस्थाएं फिर से पटली पर लौटती दिख रही हैं और रियल एस्टेट क्षेत्र ने इस दिशा में छोटी प्रगति से बड़ा सफर तय करना शुरू कर दिया है। इस त्योहारों के मौसम में इंडस्ट्री को लेकर लोगों में काफी सकारात्मकता दिख रही है और होमबायर्स खरीदारी की भावना से ही आगे बढ़ रहे हैं और रियल एस्टेट के मामले में भी ऐसा ही है। हमने देखा है कि निकट त्योहारों के मौसम के साथ लोगों ने घरों में निवेश के बारे में पूछताछ करना शुरू कर दिया है। इसलिए, इस त्योहारी सीजन में संभावित डिमांड को पूरा करने के लिए डिवेलपर्स अपार्टमेंट में रेडी-टू-मूव पर फोकस कर रहे है और इस संदर्भ में वे आकर्षक ऑफर्स व दामों के साथ लोगों के बीच में जा रहे हैं।

ऐसे माहौल में होम बायर्स के लिए अपने जीवन का यह महत्वपूर्ण निर्णय लेने का सबसे बेहतर समय है। एक तो यह मौसम अपने आप में खरीदारी के लिए हर तरीके से पवित्र माना जाता है। दूसरा इन दिनों बेहतर ब्याज दर जैसी बातें भी होमबायर्स के पक्ष में ही जा रही हैं। इस बीच उन्हें निश्चित तौर पर अपना मन बनाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। सीएमडी, गौर समूह और वाइस प्रेसीडेंट- नॉर्थ, क्रेडाई नैशनल, मनोज गौड़ कहते हैं कि डिवेलपर्स आगामी त्योहारी सीजन को लेकरकाफी उत्साहित हैं, क्योंकि होम लोन की सामर्थ्य मजबूत बनी हुई है और आरबीआई के लोन दरों को देखें तो यह रिकॉर्ड नीचले स्तर पर हैं। साथ आरबीआई ने रेपो रेट को भी पहले ही जैसा रखा है। हर दूसरे उद्योग की तरह देश का रियल एस्टेट बाजार रिकवरी के दौर में है, इसे दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के अनुकूल प्रभावों से फायदा होने की संभावना है। इतनी सारी पॉजिटिव वजहों के कारण रियल एस्टेट सेक्टर को त्योहारी सीजन से बहुत उम्मीदें हैं और डिवेलपर्स अपनी भुगतान योजनाओं को लेकर भी लचीला होने के लिए तैयार है। वे उत्सव की पेशकश पेश करने वाले हैं और यहां तक कि अपने सभी प्रॉजेक्ट्स में कल्याण और स्वास्थ्य सुविधाओं को विशेष अहमियत देते हुए इसे होमबायर्स के बीच में पेश भी करना चाहते हैं। वेलनेस सुविधाओं के प्रति खरीदारों का झुकाव विशेष रूप से कोविड -19 के बाद काफी बढ़ गया है, क्योंकि महामारी ने एक आदर्श घर की परिभाषा में कई आयाम जोड़े हैं।

एसकेए ग्रुप के डायरेक्टर संजय शर्मा कहते हैं कि भारतीय घरों में त्योहारों का मौसम हमेशा नवीनता और शुभ से जुड़ा होता है। अब जबकि कई लोगों के लिए घर खरीदना जीवन में एक बार लिया जाने वाला निर्णय है, इस प्रवृत्ति का आने वाले त्योहारों पर सार्थक प्रभाव पड़ने वाला है। चूंकि, कोविड-19 महामारी और चरणबद्ध लॉकडाउन ने अपने घरों की चार दीवारों के भीतर लोगों की सीमित कर दिया है, इससे लोगों की पसंद में व्यापक स्तर पर बदलाव देखने को मिले हैं। अपने घर को लेकर वह बिल्कुल ही नए सिरे से सोचने लगे हैं। वे न सिर्फ घर चाहते हैं बल्कि सुविधाओं वाला बड़ा घर भी उनकी फेहरिस्त में जुड़ गया है।

सीएमडी, गौर समूह और वाइस प्रेसीडेंट- नॉर्थ, क्रेडाई नैशनल, मनोज गौड़ कहते हैं कि डिवेलपर्स आगामी त्योहारी सीजन को लेकरकाफी उत्साहित हैं, क्योंकि होम लोन की सामर्थ्य मजबूत बनी हुई है और आरबीआई के लोन दरों को देखें तो यह रिकॉर्ड नीचले स्तर पर हैं। साथ आरबीआई ने रेपो रेट को भी पहले ही जैसा रखा है। हर दूसरे उद्योग की तरह देश का रियल एस्टेट बाजार रिकवरी के दौर में है, इसे दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के अनुकूल प्रभावों से फायदा होने की संभावना है। इतनी सारी पॉजिटिव वजहों के कारण रियल एस्टेट सेक्टर को त्योहारी सीजन से बहुत उम्मीदें हैं और डिवेलपर्स अपनी भुगतान योजनाओं को लेकर भी लचीला होने के लिए तैयार है। वे उत्सव की पेशकश पेश करने वाले हैं और यहां तक कि अपने सभी प्रॉजेक्ट्स में कल्याण और स्वास्थ्य सुविधाओं को विशेष अहमियत देते हुए इसे होमबायर्स के बीच में पेश भी करना चाहते हैं। वेलनेस सुविधाओं के प्रति खरीदारों का झुकाव विशेष रूप से कोविड -19 के बाद काफी बढ़ गया है, क्योंकि महामारी ने एक आदर्श घर की परिभाषा में कई आयाम जोड़े हैं।